विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 10-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि अखिल भारतीय क्षत्रिय युवा मंच, आजमगढ़ का रजिस्टर्ड स्पीडपोस्ट पत्र जो कि मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश व निदेशक, पंचायतीराज, लखनऊ को सम्बोधित जनपद-आजमगढ़, तहसील-फूलपुर, ग्राम पंचायत-खण्डौरा में व्याप्त विभिन्न अनियमितताओं की जांच के संबंध में था, दिनांक 6-10-2023 को कार्यालयों में प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा बिन्दुवार जांच कराकर दोषी पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों व अन्य से रेवन्यू रिकवरी व निलम्बन जैसी कार्यवाही की गयी? | उक्त पत्र में 9 बिन्दु थे। उक्त पत्र उ0प्र0 पंचायत राज (प्रधान, उप प्रधान एवं सदस्यों को हटाना) जांच नियमावली, 1997 के प्राविधानों के अनुरूप न होने के कारण जांच नहीं करायी गयी, जिस कारण कोई कार्यवाही नहीं की गयी। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री।